दैनिक

# उत्तराखण्ड प्रहरी

वर्ष 15 /अंक 75 / पृष्ठ 8

हरिद्वार, रविवार, 14 मई 2023

uttarakhandprahari19@gmail.com | e-paper: uttarakhandprahari.com

उत्तराखण्ड का सबसे विश्वसनीय मीडिया पार्टनर

RNI No. :- UTTHIN/2009/27592





'श्री अन्न' केवल खेती या खाने तक सीमित नहीं हैं, जहां 'श्री' ...

ममता की मूरत होती है मां



मूल्य- 2 रु.


# कर्नाटक में 'किंग' बनी कांग्रेस



**कर्नाटक।** कांग्रेस ने शनिवार को कर्नाटक विधानसभा चुनाव में अपनी जीत का एक बड़ा श्रेय भारत जोड़ो यात्रा को दिया और कहा कि भारत जोड़ो यात्रा बनाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विमर्श में राहुल गांधी द्वारा निकाली गई पदयात्रा ही स्पष्ट विजेता साबित हुई है। भारत जोड़ो यात्रा कर्नाटक के जिन 20 विधानसभा क्षेत्रों से गुजरी थी उनमें से 15 में कांग्रेस को जीत हासिल हुई, जबकि जनता दल (सेक्युलर) को तीन और भारतीय जनता पार्टी ने दो सीट पर जीत दर्ज की है। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में इन 20 सीट में से कांग्रेस को सिर्फ पांच सीट पर ही जीत मिली थी।

पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं का यह भी मानना है कि इस यात्रा ने कर्नाटक में कांग्रेस के लिए संजीवनी का काम किया और कार्यकर्ताओं में नया जोश पैदा किया, जो चुनावी जीत में मददगार रही। कर्नाटक में कांग्रेस किंग बनकर उभरी है. रुझानों और नतीजों को लेकर दिल्ली और कर्नाटक समेत देशभर के कांग्रेस (138 सीटें) दफ्तरों में जश्न मनाया जा रहा है। सीएम बोम्मई ने कहा कि हम मंजिल तक नहीं पहुंच पाए.बीएस येदियुरप्पा ने हार स्वीकार करते हुए कहा कि हार-जीत भाजपा के लिए बड़ी बात नहीं है। 2 सीट से शुरुआत कर भाजपा आज सबसे बड़ी पार्टी बन गई है. कार्यकर्ताओं को दुखी होने की जरूरत नहीं है। वहीं कांग्रेस के सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि हम चुनाव जीते हैं तो बजरंग दल बैन होगा। उन्होंने कहा कि ये असर कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का है। कर्नाटक की जनता ने नफरत की राजनीति को नकार दिया है।

बजरंग बली का आशीर्वाद हमें मिला है। सारे सूफी संतों का आशीर्वाद हमें मिला है। बता दें कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव की 224 सीटों पर 10 मई को मतदान हुआ था. हालांकि इस बार के चुनाव में 73.19 फीसदी मतदान हुआ था, जो 2018 के चुनाव के मुक़ाबले 1% ज्यादा है. कर्नाटक में इतनी बड़ी संख्या में मतदान का यह अपने आप में एक रिकॉर्ड है।

कांग्रेस ने शनिवार को कर्नाटक विधानसभा चुनाव में अपनी जीत का एक बड़ा श्रेय 'भारत जोड़ो यात्रा' को दिया और कहा कि 'भारत जोड़ो यात्रा बनाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी' के विमर्श में राहुल गांधी द्वारा निकाली गई पदयात्रा ही 'स्पष्ट विजेता' साबित हुई है. बता दें कि 'भारत जोड़ो यात्रा' कर्नाटक के जिन 20 विधानसभा क्षेत्रों से गुजरी थी उनमें से 15 में कांग्रेस को जीत हासिल हुई, जबकि जनता दल (सेक्युलर) को तीन और भारतीय जनता पार्टी ने दो सीट पर जीत दर्ज की हैं।

## कांग्रेस की जीत पर पीएम मोदी ने दी बधाई



पीएम नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव में जीत के लिए कांग्रेस को बधाई दी है। उन्होंने शनिवार को एक ट्वीट किया। इस ट्वीट में उन्होंने लिखा कि मैं कर्नाटक में जीत के लिए कांग्रेस पार्टी को बधाई देता हूं। साथ ही उन्होंने कहा कि मेरी शुभकमानाएं उनके साथ है ताकि वो जनता की उम्मीदों पर खड़े उतरें।

## कर्नाटक में हार के बाद बोले जेपी नड्डा



कर्नाटक में बीजेपी की हार के बाद पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक ट्वीट किया। इस ट्वीट में उन्होंने लिखा कि हम राज्य की जनता के फैसले का सम्मान करते हैं। उन्होंने साथ ही पार्टी के कार्यकर्ताओं को भी शुक्रिया कहा है।

## विजयेंद्र शिकारीपुरा सीट से जीते

भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार बी.वाई. विजयेंद्र ने अपने पहले चुनाव में शिकारीपुरा सीट से 11,008 मतों के अंतर से जीत दर्ज की है। वह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और कद्दावर लिंगायत नेता बी.एस. येदियुरप्पा के बेटे हैं। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के मुताबिक विजयेंद्र को 81,810 मत मिले जबकि उनके निकटतम निर्दलीय प्रतिद्वंद्वी व कांग्रेस के बागी नेता एस.पी. नागराजगौड़ा को 70,802 वोट मिले।

## BJP छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए जगदीश शेट्टर हारे चुनाव

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से टिकट नहीं मिलने पर कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर कर्नाटक विधानसभा चुनाव लड़ने वाले राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टर को हुबली-धारवाड़ (मध्य) सीट पर भाजपा उम्मीदवार महेश तेंगिनाकाई ने 34,289 मतों के अंतर से हरा दिया।

## बजरंगबली की गदा भ्रष्टाचारियों के सिर पड़ी : भूपेश बघेल



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कर्नाटक के नतीजे बिल्कुल उम्मीद के अनुकूल हैं. मोदी जी ने खुद को आगे रखकर वोट मांगा था तो यह मोदी जी की हार है...बजरंग बली की गदा भ्रष्टाचारियों के सिर पर पड़ी और भाजपा सरकार वहां से निपट गई।

## पहले दिन, पहली कैबिनेट में पूरे करेंगे पांच वादे



**बंगलुरू।** कर्नाटक में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत मिलने के बाद राहुल गांधी ने प्रेस कान्फ्रेंस की। सबसे पहले तो उन्होंने कर्नाटक में मिली जीत के लिए लोगों को धन्यवाद कहा। वहीं, इसके बाद बीजेपी पर हमला करते हुए राहुल ने कहा कि राज्य में मोहब्बत की जीत और नफरत की हार हुई है। राहुल गांधी ने कहा कि हम गरीबों के मुद्दे पर लड़े। हमने मोहब्बत से प्यार से यह लड़ाई लड़ी। कर्नाटक की जनता ने हमें दिखाया कि मोहब्बत इस देश को अच्छी लगती है। कर्नाटक में नफरत का बाजार बंद हुआ है। मोहब्बत की दुकानें खुली हैं। यह सबकी जीत है। यह कर्नाटक की जनता की जीत है। चुनाव में हमने कर्नाटक की जनता से पांच वादे किए थे। इन वादों को पहले दिन, पहली कैबिनेट में पूरा किया जाएगा।

## अयोध्या, गोरखपुर और प्रयागराज समेत 15 नगर निगमों में भाजपा के महापौर जीते

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नगर निकाय चुनाव में शनिवार को हुई मतगणना में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जहां भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या में महापौर सीट अपने पास बरकरार रखी, वहीं राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह क्षेत्र गोरखपुर में भी फिर से पार्टी के उम्मीदवार को मतदाताओं ने महापौर चुना है।

राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार उप्र के 17 नगर निगमों में 15 सीटों के चुनाव परिणाम घोषित कर दिए गए हैं और इनमें सभी पर भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार महापौर चुने गए हैं।आयोग ने बताया कि भाजपा को अयोध्या और गोरखपुर के अलावा अलीगढ़, आगरा, कानपुर नगर, प्रयागराज, गाजियाबाद, झांसी, मेरठ, मुरादाबाद, सहारनपुर, मथुरा-वृंदावन, बरेली, शाहजहांपुर और फिरोजाबाद नगर निगमों में भी महापौर पद पर जीत मिली है। अभी सिर्फ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के निर्वाचन क्षेत्र एवं प्रदेश की राजधानी लखनऊ में नगर निगम महापौर का परिणाम आना बाकी है। भाजपा ने 17 नगर निगमों में कानपुर नगर की मेयर प्रमिला पांडेय, बरेली के उमेश गौतम और मुरादाबाद के विनोद अग्रवाल को दोबारा मौका दिया था और तीनों फिर से चुनाव जीतने में सफल रहे। इसके अलावा भाजपा ने अन्य 14 नगर निगमों में नए चेहरों पर दांव लगाया था। एसईसी के अनुसार गोरखपुर में भारतीय जनता पार्टी के डॉक्टर मंगलेश श्रीवास्तव ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी समाजवादी पार्टी (सपा) की काजल निषाद (सिने अभिनेत्री) को पराजित किया। डॉक्टर श्रीवास्तव को कुल 180629 मत मिले जबकि निषाद को 119753 मत मिले। कुल 13 उम्मीदवारों में बसपा तीसरे, एआईएमआईएम चौथे और कांग्रेस के उम्मीदवार पांचवें स्थान पर रहे। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार, अयोध्या में भाजपा के गिरीश पति त्रिपाठी ने 77,494 मतों के साथ महापौर का चुनाव जीता और समाजवादी पार्टी (सपा) के अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी आशीष को 35,638 मतों के अंतर से हराया।

## आवश्यक सूचना

'उत्तराखंड प्रहरी' के सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि आप अपने प्रिय अखबार 'उत्तराखंड प्रहरी' महाभियान में शामिल हो सकते हैं। आप अपने द्वारा लिखी गई कोई भी संरचना, कविता, कहानी, लेख या कार्यक्रम हमसे साझा कर सकते हैं। अच्छे लेख व कहानी को 'उत्तराखंड प्रहरी' में उचित स्थान दिया जाएगा। आप अपने प्रियजनों को जन्मदिन, सालगिरह या अन्य शुभ अवसरों पर बधाई संदेश भी दे सकते हैं।

आप हमें ईमेल

uttarakhandprahari19@gmail.com या whatsup no 8077771906 पर भी भेज सकते हैं।

# संपादकीय

## अब औकात से बढ़कर नहीं

हिमाचल को अपने कद के फायदे और नुकसान के भीतर सामंजस्य बनाने की जरूरत को अंगीकार करते हुए शासन, सुशासन व अनुशासन के अलावा राष्ट्रीय संदर्भों में अपनी वकालत करनी होगी, वरना देश की राजनीति हमेशा की तरह नसीबों वाली नहीं होगी। यह हम डबल इंजन सरकारों के मुहावरे में देख चुके हैं, तो राष्ट्रीय नीतियों में पहाड़ की जिल्लत सह चुके हैं। विशाल पंजाब से निकले हरियाणा और आधे हिमाचल की किस्मत का बंटवारा भी अलग-अलग पैमानों पर हुआ और यही वजह है कि आज भी हक की लड़ाई, हमें ही मजबूर बना देती है। जिस पंजाब की राजस्थान से समझौते की वजह पंजाबियत रही, वही पौंग बांध समझौतेकी जद में आकर हिमाचल उदास है। श्री गंगानगर की जमीनों को नहरी अव्वल बनाने वाले हिमाचल के हिस्से का संताप आज भी नहीं समझा गया। केंद्र सीधे राजस्थान की रेत पर अपना राजनीतिक घर बनाने के लिए कृत संकल्प है, लेकिन जिस जमीन को हिमाचल की आहुतियों ने हराभरा बनाया, उसके लिए भी उपेक्षा हमारी हो रही। वाटर सेस के मसले पर जैसे हिमाचल ने पड़ोसी राज्य पंजाब और हरियाणा को अशांत कर दिया हो, जबकि असलियत यह है कि इन दोनों राज्यों की खुशहाली में हिमाचल के प्राकृतिक संसाधन, सामाजिक शांति और प्रदेश की सौहार्दपूर्ण उदारता सदैव सहयोगी रही है। पंजाब व जम्मू-कश्मीर की हर अशांति ने हिमाचल की भी परीक्षाएं ली हैं और यही इस समय भी राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर प्रदेश को अग्रिम मोर्चे पर लगा देती हैं।

ऐसे में कब तक हिमाचल छोटा बनकर अपने बड़े संकल्प निर्धारित कर सकता है। एक बार नरसिम्हा राव की कांग्रेस सरकार ने तत्कालीन मुख्यमंत्री शांता कुमार के आग्रह पर बिजली उत्पादन पर मुफ्त की बिजली का रायलटी फार्मूला माना था, तो दूसरी बार औद्योगिक पैकेज के तहत अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने उदारता दिखाई थी। यह छोटे पर्वतीय प्रदेश के कद की ही पड़ताल नहीं, बल्कि आसपास व पूर्वोत्तर राज्यों की अशांति के सामने हमारी शांति के खिलाफ केंद्र का सियासी नजरिया रहा है। अतीत के उन्हीं अनुभवों से सीखते हुए हिमाचल को अपनी स्वतंत्र और आत्मनिर्भरता की ओर प्रदत्त आर्थिक नीति की ओर अग्रसर होना होगा। अगर राष्ट्र अब तक हिमाचल को इसके कद के अनुरूप आंक रहा है, तो राज्य को भी अपने पैमाने तय करके निर्णायक होना होगा। यानी इतने छोटे से राज्य के लिए कितना सार्थक ढांचा चाहिए और अब सवाल कार्यशीलता व ढांचागत प्रासंगिकता का है। कई दशकों से हिमाचल की सरकारों ने ऐसे दबाव खुद पर रख लिए हैं, जो राज्य के कद या हैसियत से ऊपर हैं। मसलन आठ चिकित्सा संस्थानों से अब अगर लगभग साढ़े आठ सौ डाक्टर भी हर साल निकलेंगे, तो इन्हें हिमाचल की औकात से कैसे भविष्य की आशा में बदल सकते हैं। इसी तरह हर कालेज को स्नातकोत्तर बनाकर हिमाचल ने यह साबित कर दिया है कि यह सब डिग्रियों का खेल तमाशा है। औकात से आगे इंजीनियर व एमबीए पैदा करके हिमाचल शिक्षा का ऐसा उत्पादक हो सकता है जो किसी भी बच्चे को डिग्रीधारक बना सकता है, लेकिन डर यह है कि राष्ट्र के सामने ऐसी उपलब्धियां शर्मिंदा होकर खुद को कोस रही होती हैं। आश्चर्य यह कि कोई भी सरकार न आर्थिक और न ही प्रशासनिक सुधारों के प्रति जवाबदेह बन रही है, नतीजतन सियासी फैसलों की कीमत चुकाते-चुकाते राज्य न तो अपने छोटे कद का फायदा उठाकर सुशासन को प्रतिबिंबित कर पा रहा है।

## पायलट-गहलोत के बीच घमासान

**योगेंद्र योगी**

सचिन के उठाए इस अप्रत्याशित कदम ने राजस्थान के कांग्रेस प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा और पार्टी के अन्य नेताओं को गंभीर राजनीतिक संकट में डाल दिया। खडग़े और रंधावा सहित अन्य कांग्रेसी नेताओं ने सचिन के लगाए आरोपों से कन्नी काट ली। देश में कांग्रेस जिस राजनीतिक संक्रमण के दौर से गुजर रही है, ऐसी हालत में मुख्यमंत्री गहलोत पर किसी तरह का दबाव डाल कांग्रेस विद्रोह को हवा नहीं देना चाहती। लेकिन पायलट को लेकर कांग्रेस की उलझन बढ़ती जा रही है। कांग्रेस प्रभारी रंधावा ने अनुशासनहीनता का आरोप लगा कर पायलट को दबाने का प्रयास किया। इससे पायलट ज्यादा भडक़ उठे। उन्होंने रंधावा के बयान की परवाह नहीं की और गहलोत के खिलाफ सीधा मोर्चा खोल लिया। कांग्रेस के यह कहने के बाद कि राजस्थान में अगला मुख्यमंत्री चुनाव के बाद तय होगा, गहलोत के समर्थकों ने अघोषित तौर पर उन्हें आगामी मुख्यमंत्री के तौर पर प्रचारित करना शुरू कर दिया

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, सोनिया गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े की अनदेखी से राजस्थान में कांग्रेस दोफाड़ होने के कगार पर पहुंच गई है। पार्टी की अनदेखी के कारण प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच मचे घमासान से यह नौबत आई है। पायलट और गहलोत एक-दूसरे के खिलाफ खुल कर सामने आ गए हैं। पायलट इस आरोप को दोहराते रहे हैं कि मुख्यमंत्री गहलोत वसुंधरा राजे सरकार के दौरान हुए भ्रष्टाचार के मामलों की जांच नहीं करा रहे हैं। पिछले चुनाव के दौरान खुद गहलोत ने ही वसुंधरा सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। पायलट की इस मांग की काट निकालते हुए गहलोत ने इस मुद्दे से ध्यान हटाने के लिए पायलट के पार्टी छोडऩे के दौरान किए विद्रोह और इसके लिए विधायकों को करोड़ों रुपयों की रिश्वत का मुद्दा उठा दिया।

गहलोत ने कहा कि पायलट के साथ मिलकर उनकी सरकार को गिराने का प्रयास करने वाले विधायकों को केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने 10-10 करोड़ रुपए दिए थे। इसी के साथ गहलोत ने एक तीर से दो शिकार करते हुए भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को भी लपेट लिया। इससे भाजपा के लिए नई मुसीबत खड़ी हो गई है। गहलोत ने वसुंधरा राजे और वरिष्ठ नेता कैलाश मेघवाल का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने सरकार गिराने की कवायद में साथ देने से इंकार कर दिया था। इससे आगे एक और दाव चलते हुए मुख्यमंत्री गहलोत ने सचिन पायलट का नाम लिए बगैर कहा कि जिन विधायकों ने उनकी सरकार को गिराने के लिए अमित शाह से रुपए लिए, वे उन्हें वापस लौटा दें। गहलोत यहां तक कह गए कि यदि विधायकों ने 10 करोड़ में से कुछ करोड़ खर्च कर दिए हैं तो इसकी भरपाई वे खुद कर देंगे या अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी से करवा देंगे। गहलोत ने पायलट समर्थक विधायकों को चेताया कि शाह का भरोसा नहीं है, यदि रुपए वापस नहीं दिए उनके खिलाफ ईडी की कार्रवाई करवा सकते हैं।

पायलट के उठाए मुद्दे को पीछे धकेलने के लिए गहलोत के इस बयान से न सिर्फ कांग्रेस बल्कि भाजपा में भी तूफान आ गया है। भाजपा अब सफाई दे रही है कि वसुंधरा राजे ने ऐसा कुछ नहीं किया। पूर्व मुख्यमंत्री राजे भी कह चुकी हैं कि ऐसा कोई घटनाक्रम नहीं हुआ। भाजपा के केंद्रीय जल संसाधन मंत्री और गहलोत के गृह जिले में उनके बेटे वैभव गहलोत को हरा कर सांसद बने गजेन्द्र सिंह शेखावत ने इस विवाद में सवाल किया कि यदि गहलोत के पास विधायकों को रिश्वत लेने के प्रमाण हैं तो अभी तक कोई कानूनी कार्रवाई क्यों नहीं की गई। गौरतलब है कि गहलोत और शेखावत में भी जोधपुर में हुए संजीवनी क्रेडिट सोसायटी घोटाले को लेकर अर्से से अदावत चल रही है। इस मामले की राजस्थान एसओजी जांच कर रही है। इसमें केंद्रीय मंत्री शेखावत का नाम आरोपियों में शामिल है। मौके-बेमौके गहलोत इस घोटाले का मुद्दा उठाते रहे हैं। चुनावी वर्ष में प्रदेश में उठ रहे राजनीतिक बवंडरों की चपेट में आने से पूर्व मुख्यमंत्री राजे को भी तगड़ा झटका लगा है। लंबे अर्से से पार्टी में वनवास की हालत झेलने के बाद राजे ने केंद्र से अपने संबंधों में जो सुधार की कोशिश की थी, उससे नुकसान होना तय है। बड़ा सवाल देश जोडऩे के लिए यात्रा निकालने वाले राहुल गांधी के राजस्थान कांग्रेस में होते बिखराव को देखते रहने का है।। कमोबेश पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता पायलट-गहलोत विवाद में मूक दर्शक बने रहे।

राजस्थान में गुर्जरों के निर्विवाद प्रभावशाली नेता माने जाने वाले सचिन पायलट और मुख्यमंत्री गहलोत के बीच ऐसी ठन गई है कि इसका समाधान अब कांग्रेस के बूते से बाहर हो गया है। सचिन पायलट और मुख्यमंत्री गहलोत एक-दूसरे पर जमकर राजनीतिक प्रहार करने में जुटे हुए हैं। पार्टी में सम्मानजनक पद नहीं दिए जाने से आहत पायलट ने लंबे अर्से तक घुटन झेलने के बाद खिलाफत का रास्ता अपनाया है। दो साल पूर्व की गई गहलोत सरकार की तख्ता पलटने की साजिश के बाद से ही पायलट कांग्रेस में हाशिए पर हैं। हालांकि विशाल किसान रैलियां निकाल कर पायलट अपनी ताकत का एहसास पार्टी को करा चुके हैं। पार्टी हाईकमान पायलट की भूमिका को लेकर कोई निर्णय नहीं कर पाया। इससे अनुभवी पायलट को अंदाजा लग गया कि पार्टी उनके साथ न्याय नहीं करेगी और न ही अशोक गहलोत के मामले में कोई निर्णय करेगी।

## ममता की मूरत होती है

**रमेश सर्राफ धमोरा**

इस साल 14 मई को मातृत्व दिवस (मदर्स डे) है। यह दिवस मां को समर्पित होता है। यहां मां को नमन करने का दिवस है। मां एक ऐसा शब्द है जिसमें पूरा ब्रह्माण्ड समा जाए। जब हम मां बोलने के लिए मुंह खोलते हैं तो शब्द के उच्चारण के साथ ही पूरा मुंह भर जाता है। मां ममता की मूरत होती है। पूरी दुनिया के सभी धर्मों ने मां के रिश्ते को सबसे पवित्र माना गया है। अपने बच्चों के प्रति मां का प्यार, दुलार, समर्पण और त्याग अनमोल होता है। मां को सम्मान देने के लिए पूरी दुनिया में मई के दूसरे रविवार को मातृत्व दिवस के रूप में मनाया जाता है।

अंतरराष्ट्रीय मातृत्व दिवस माताओं एवं मातृत्व का सम्मान करने वाला दिन होता है। एक मां ही होती है जो सभी की जगह ले सकती है। लेकिन उनकी जगह कोई और नहीं ले सकता है। मां अपने बच्चों की हर प्रकार से रक्षा और उनकी देखभाल करती है। इसलिए मां को ईश्वर का दूसरा रूप कहा जाता है। मां वह शख्स होती है जो नौ माह तक अपने बच्चे को कोख में पालती है। कुछ भी हो जाए लेकिन एक मां का अपने बच्चों के प्रति स्नेह कभी कम नहीं होता है। वह खुद से भी ज्यादा अपने बच्चों के सुख सुविधाओं को लेकर चिंतित रहती है। मां अपनी संतान की रक्षा के लिए




बड़ी से बड़ी विपत्तियों का सामना करने का साहस रखती है। मां होने का अर्थ है उत्तरदायित्व और निस्वार्थता से पूरी तरह से अभिभूत होना। मातृत्व का मतलब है रातों की नींद हराम करना। मां भगवान की सबसे श्रेष्ठ रचना है। उसके जितना त्याग और प्यार कोई नहीं कर सकता है। मां विश्व की जननी है उसके बिना संसार की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। मां ही हमारी सबसे पहली गुरु होती है। इसीलिए हम धरती को भी धरती माता कहते हैं। जो अपने ऊपर हम सब का वजन उठाती है। हमारे देश में गाय को भी माता कह कर पुकारते हैं जो हमें अपने अपना दूध पिला कर बड़ा करती है। मां हमारे जीवन की सबसे प्रमुख हस्ती होती है जो बिना कुछ पाने की उम्मीद किए सिर्फ देती ही रहती है। मां का प्यार निस्वार्थ होता है जो हम अपने पूरे जीवन में किसी और से प्राप्त नहीं कर सकते हैं।

देखा जाए तो मातृ दिवस का इतिहास सदियों पुराना है। यूनान में परमेश्वर की मां को सम्मानित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता था। 16वीं सदी में इंग्लैंड का ईसाई समुदाय ईशु की मां मदर मेरी को सम्मानित करने के लिए इस दिवस को त्योहार के रूप में मनाये जाने की शुरुआत हुई। मदर्स डे मनाने का मूल कारण समस्त माताओं को सम्मान देना और एक शिशु के उत्थान में उसकी महान भूमिका को सलाम करना है। मातृत्व दिवस को आधिकारिक बनाने का निर्णय पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति वूडरो विलसन ने आठ मई 1914 को लिया था। वुडरो विल्सन ने मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाने और मां के सम्मान में एक दिन के अवकाश की सार्वजनिक घोषणा की थी। वे समझ रहे थे कि सम्मान, श्रद्धा के साथ माताओं का सशक्तिकरण होना चाहिए, जिससे मातृत्व शक्ति के प्रभाव से युद्धों की विभीषिका रुके। तत्पश्चात हर वर्ष



मई के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाया जाता है। वर्तमान में ये भारत के साथ यूके, चीन, यूएस, मेक्सिको, डेनमार्क, इटली, फिनलैण्ड, तुर्की, ऑस्ट्रेलिया, कैनेडा, जापान, बेल्जियम सहित कई देशों में मनाया जाता है। हिंदू धर्म में मां शब्द की कई व्याख्याएं हैं। वाल्मीकि रामायण में भगवान राम ने कहा है कि "जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरियसि"। इसका मतलब है कि मां और मातृभूमि स्वर्ग से बेहतर हैं। मां शब्द की उत्पत्ति और अर्थ के बारे में कई मत हैं।

**वैद्यानिक सूचना**

**उत्तराखंड प्रहरी** के संपादन में हम प्रयासरत है कि हमारी ओर से खबर में किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि न हो। हमारी कोशिश है कि अखबार में छपी किसी खबर, रिपोर्ट, फीचर या लेख से व्यक्ति विशेष, संगठन या समुदाय की भावना को ठोस न पहुंचे। **उत्तराखंड प्रहरी** में प्रकाशित लेख, विश्लेषण और साभार, ली गई सामग्री के विचार संबंधित लेखकों और रचनाकारों के निजी विचार हैं, न कि अखबार के। अतः सभी पाठकों से आग्रह है कि वे किसी सूचना, समाचार, विज्ञापनों आदि के आधार पर कोई फैसला करने से पहले तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। उसके लिए किसी भी प्रकार से लेखक, संपादक, प्रकाशक, प्रिंटर या विक्रेता को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है। तथा किसी भी कारोबारी और निज निर्णय के लिए **उत्तराखंड प्रहरी** जिम्मेवार नहीं होगा।

# 'श्री अन्न' केवल खेती या खाने तक सीमित नहीं हैं, जहां 'श्री' होता है वहां समृद्धि भी होती है : मुख्यमंत्री

सुमित तिवारी, उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

## श्री अन्न महोत्सव 2023 का हुआ शुभारंभ








**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को सर्वे स्टेडियम, हाथीबड़कला में श्री अन्न महोत्सव 2023 का शुभारंभ किया। चार दिन तक चलने वाले इस श्री अन्न महोत्सव में प्रदेशभर से हजारों किसान प्रतिभाग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर मिलेट्स पर आधारित विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया एवं कृषि विभाग उत्तराखण्ड की पौष्टिक फसलों पर आधारित पुस्तक ''स्वाद के साथ स्वास्थ्य'' का विमोचन किया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज का यह आयोजन 'श्री अन्न' को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगा। इस तरह के आयोजनों से न केवल मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि इससे किसानों को भी मोटे अनाजों से संबंधित आवश्यक जानकारियां प्राप्त होंगी। देश में वर्ष 2023 को ''मिलेट्स ईयर'' के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन व दूरदर्शिता के कारण ही आज समस्त विश्व हमारे देश की परम्परागत फसलों के महत्व को समझ रहा है। भारत के प्रस्ताव पर ही ''संयुक्त राष्ट्र संघ'' ने 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष घोषित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ''श्री अन्न'' केवल खेती या खाने तक सीमित नहीं हैं, जहां ''श्री'' होता है वहां समृद्धि भी होती है, समग्रता होती है और विजय होती है। इसलिए प्रधानमंत्री जी ने मिलेट्स को ''श्री अन्न'' की संज्ञा दी है।''श्री अन्न'' भारत में समग्र विकास का माध्यम बन रहा है इसमें गांव और गरीब जुड़ा है और अब देश का प्रत्येक नागरिक भी इससे जुड़ रहा है। श्री अन्न फसलों में पौषणीय तत्व के साथ-साथ औषधीय गुण भी पाये जाते है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्र में मिलेट की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए सरकारी योजनाओं के माध्यम से किसानों को प्रोत्साहित करने और रोजगार उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है। राज्य के पर्वतीय जिलों के कृषकों से मंडवा, झिंगोरा, चौलाई जैसे मोटे अनाजों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कर रही है साथ ही किसानों को इसका ऑनलाइन भुगतान भी किया जा रहा है। इससे न सिर्फ किसानों की आय में बढ़ोतरी हो रही है बल्कि मिलेट उत्पादों के उत्पादन हेतु किसान प्रोत्साहित भी हो रहे है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सरकार द्वारा मिलेट फसलों को प्रोत्साहन तथा आम जनमानस के भोजन में सम्मिलित करने हेतु लगभग 73 करोड़ रुपए की धनराशि स्टेट मिलेट मिशन को दी गई है। जैविक कृषि के साथ-साथ राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि मिशन योजना का क्रियान्वयन प्रदेश के 11 जनपदों में इस वर्ष से आरम्भ किया जा रहा है। इसके लिए भारत सरकार द्वारा 6400 हेक्टेयर भूमि पर लगभग 796 लाख के कृषि मिशन कार्यक्रम के संचालन की स्वीकृति भी प्रदान कर दी गई है। राज्य में ''मुख्यमंत्री प्राकृतिक कृषि योजना'' तथा नमामि गंगे प्राकृतिक कृषि कॉरिडोर योजना" द्वारा प्रदेश के अधिक से अधिक कृषि क्षेत्र को प्राकृतिक कृषि के अन्तर्गत आच्छादित करने का लक्ष्य रखा गया है। प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन किये जाने हेतु नियमित अनुश्रवण एवं नियोजन के लिए "राज्य प्राकृतिक कृषि बोर्ड" का गठन किया जाना भी प्रस्तावित है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की है कि लोकपर्वों एवं त्योहारों में श्री अन्न को अवश्य शामिल करें। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड में प्राचीन काल से ही श्री अन्न की खेती होती थी। देवभूमि उत्तराखण्ड मोटे अनाजों की राजधानी रही है।

## शुभकामनाएं






गौरिश उनियाल ने देहरादून Will filld स्कूल देहरादून से सीबीएसई की इंटरमीडिएट परीक्षा में 93% अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

छाया: उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

# लोक अदालत में संदर्भित 1801 मामलों का मौके पर हुआ निस्तारण

वेणीराम उनियाल / उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो




**देहरादून ।** 13 मई माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून के तत्वावधान में आज प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक जिला मुख्यालय देहरादून, बाह्य न्यायालय ऋषिकेश, विकासनगर एवं डोईवाला जनपद देहरादून के न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत में मोटर दुर्घटना क्लेम, सिविल मामले, पारिवारिक मामलें, चैक बाउन्स से सम्बंधित मामलें व अन्य शमनीय प्रकृति के अपराधिक मामलें लगाये गये थें। लोक अदालत में संदर्भित मामलों के निस्तारण हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून द्वारा कुल 11 पीठों का गठन किया गया था। इस लोक अदालत में शमनीय प्रकृति के 827 मामलें, चैक सम्बंधी 568 मामलें, धन वसूली सम्बंधी 15 मामलें, मोटर- दुर्घटना क्लेम ट्राईबुनल के 20 मामलें, विद्युत सम्बंधी 55 मामलें, पारिवारिक विवाद सम्बंधी 60 मामलें, श्रम विवाद सम्बंधी 04 मामलें एवं अन्य सिविल प्रकृति के 252 मामलें कुल 1801 मुकदमों का निस्तारण किया गया तथा 115362771/- रू0 की धनराशि पर समझौता हुआ। उक्त लोक अदालत में प्रदीप पंत जिला न्यायाधीश, देहरादून की पीठ द्वारा कुल 76 मामलें, तरून, अष्ट्म अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश देहरादून की पीठ द्वारा 23 मामलें, इंदु शर्मा, द्वितीय अपर वरिष्ठ सिविल जज, देहरादून की पीठ द्वारा 266 मामलें, सुमन, अष्ट्म अपर वरिष्ठ सिविल जज, देहरादून की पीठ द्वारा 296 मामलें, संदीप सिंह भण्डारी, द्वितीय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, देहरादून की पीठ द्वारा 524 मामलें, कपिल कुमार त्यागी, तृतीय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, देहरादून की पीठ द्वारा 162 मामलें, उर्वशी रावत, प्रथम न्यायिक मजिस्ट्रेट, देहरादून की पीठ द्वारा 111 मामलें, नितिन शर्मा, प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, देहरादून की पीठ द्वारा 35 मामलें निस्तारित किये गयें। साथ ही बाह्य न्यायालय, विकासनगर में रवि शंकर मिश्रा, वरिष्ठ सिविल जज, विकासनगर की पीठ द्वारा 113 बाह्य न्यायालय ऋषिकेश में भवदीप रावत, वरिष्ठ सिविल जज, ऋषिकेश की पीठ द्वारा 160 मामलें, बाह्य न्यायालय डोईवाला में श्रीमती मीनाक्षी दुबे सिविल जज की पीठ द्वारा 35 मामलें निस्तारित किये गयें। इस लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन स्तर के मामले भी निस्तारित किये गये। उक्त लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन स्तर के 11581 मामलों का निस्तारण आपसी समझौते के आधार पर किया गया तथा रू0 37277167/-रू0 की धनराशि के सम्बंध में समझौते किये गये। जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून द्वारा अवगत कराया कि लोक अदालतें सरल व त्वरित न्याय प्राप्त करने का एक प्रभावी माध्यम है, लोक अदालत में पक्षकार आपसी समझौते के आधार पर मामले का निस्तारण करा सकते हैं, ऐसे आदेश अंतिम होते हैं तथा पक्षकारों को उनके द्वारा दिया गया न्यायशुल्क भी वापस कर दिया जाता है।

# आईआईटी में पढ़ाई कर इंजीनियर बनना चाहती है हरनीत कौर, जेईई एडवांस की कर रही तैयारी

जोगेंद्र मावी, उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो



**हरिद्वार।** डिवाइन लाइट पब्लिक स्कूल जगजीतपुर की हाईस्कूल की छात्रा हरनीत कौर निवासी राज विहार फेस टू ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल के साथ अपने परिजनों का नाम रोशन किया है। स्थानीय निवासियों के साथ परिचितों ने हरनीत कौर को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।


हरनीत कौर के पिता गुरुबख्श सिंह एक फैक्ट्री में नौकरी करते है। उन्होंने बताया कि उनकी पुत्री हरनीत कौर पढ़ाई के प्रति जागरूक है, वह स्कूल समय के अलावा सुबह और देर रात तक पढ़ाई करती है। उनका सपना है कि उनकी पुत्री पढ़ाई के बलबूते अपना भविष्य आईआईटी में पढ़ाई कर संवारे। वह फिलहाल जेईई एडवांस की तैयारी कर रही है।

# आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहती है वंशिका सहगल

## फोटोजर्नलिस्ट की बेटी ने 97.40 प्रतिशत अंक पाकर बढ़ाया हरिद्वार का मान

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** शुक्रवार को आए सीबीएससी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटर के परीक्षा परिणामों में सफल हुए बच्चों परिवारों में खुशियों का माहौल लगातार जारी है। मॉडल कॉलोनी आवास विकास रानीपुर मोड के रहने वाले फोटोजर्नलिस्ट राजन सहगल की बिटिया वंशिका सहगल ने 97. 40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की है और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। बचपन से ही बेहद प्रतिभाशाली वंशिका सहगल ने बताया कि वह आईएएस अधिकारी बनकर देश की सेवा करना चाहती है। ज्वालापुर स्थित सेंट मैरी स्कूल की छात्रा वंशिका ने अपनी सफलता का श्रेय परिजनों और गुरुजनों को देते हुए बताया कि शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में उसकी सफलता की राह आसान हुई। वंशिका की सफलता पर सहगल परिवार को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।



VANSHIKA SEHGAL 04/07/2022

# कर्नाटक विधानसभा चुनावों में हुई बड़ी जीत पर झूमे कांग्रेसी

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो



**हरिद्वार** । कर्नाटक विधानसभा चुनाव के रुझानों में कांग्रेस सरकार बनाने की खबर पर कार्यकर्ताओ ने विधायक रवि बहादुर के नेतृत्व में जश्न मनाया। जटवाड़ा पुल स्थित विधायक कैंप कार्यालय पर कार्यकर्ताओ ने एकत्र होकर ढोल बाजे पर जश्न किया और गदे हाथो में लेकर बजरंग बली के नारे लगाते हुए हनुमान मंदिर में माथा टेका। इस अवसर पर विधायक रवि बहादुर ने कहा कि कर्नाटक चुनाव में बीजेपी ने सभी हथकंडे अपनाए लेकिन जनता ने कांग्रेस पर विश्वास जताया। बीजेपी अपनी हार को देखते हुए धर्म को बीच में लाई और बजरंग बली जो कि सभी के अराध्य देव हैं उनके नाम का भी इस्तेमाल किया। बीजेपी की हर चाल नाकामयाब रही। जनता अब उनके छलावे में नहीं आने वाली है। बीजेपी और प्रधानमंत्री ने अपने काम पर नहीं बल्कि हिन्दू मुस्लिम पर चुनाव लडा जिसका नतीजा सभी के सामने है। जनता को रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जंतर मंतर पर महिला पहलवानों का धरना जारी है लेकिन प्रधानमंत्री के पास उनसे मिलने का समय नहीं है। 2024 में कांग्रेस केंद्र में भी सरकार बनाएगी।

कार्यक्रम में मेयर प्रतिनिधि अशोक शर्मा, नईम कुरेशी, राजबीर सिंह चौहान, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि उस्मान रावत, राव आफाक, संजय अग्रवाल, राजीव चौधरी, महेश प्रताप राना, पार्षद जफर अब्बासी, इसरार अहमद, शाहबुद्दीन अंसारी, प्रेम कीर्ति, गौरव शर्मा, दीपक भार्गव, अनिल भास्कर, सपना सिंह, नीतू बिष्ट, महरूफ सलमानी, मुनव्वर त्यागी, बीडीसी सदस्य तनुज चौहान, अरशद ख्वाजा, नईम, आबाद, नौमान अली, सावेज, शाहजेब अली, शुभम बर्मन, सुनील कुमार, विकास चंद्रा, विभाष मिश्रा, जुनैद राना, समर्थ अग्रवाल, सतेंद्र वशिष्ठ, सैफ अली, ठाकुर रतन सिंह, रणवीर शर्मा, हिमांशु बहुगुणा, बाबर अली, निखिल सौदाई, वसीम सलमानी, बीसी तेजियान, राजेंद्र श्रीवास्तव, अमित नौटियाल, अंकुर, अर्जुन करणवाल आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## उत्तराखंड सहित देशभर में मनाया कांग्रेसियों ने जीत का जश्न

वेणी राम उनियाल / उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**देहरादून**। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत हुई है। कांग्रेस की इस जीत का जश्न सिर्फ कर्नाटक ही नहीं बल्कि उत्तराखंड सहित देशभर में मनाया जा रहा है। प्रदेशभर में कांग्रेसी नेताओं में इस जीत का काफी उत्साह देखा जा रहा है।

उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी कमेटी के अध्यक्ष करण माहरा ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव की शानदार जीत पर कार्यकर्ताओं संग आतिशबाजी और मिष्ठान वितरण कर जश्न मनाया तो वहीं सीएम धामी ने भी कांग्रेस को जीत की बधाई दी। मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय महानगर कांग्रेस कमेटी देहरादून द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष माहरा ने मिष्ठान वितरण, आतिशबाजी कर कर्नाटक की महान जनता व कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को बधाई दी हैं। इस असवर पर अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में कांग्रेस मुख्यालय से जूलूस के रूप में जाकर घण्टाघर हनुमान मन्दिर में प्रसाद चढाया और हनुमान चालिसा का पाठ किया गया तत्पश्चात डॉ. भीमराव अंवेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्वाजंलि दी गई।करन माहरा ने कर्नाटक की विधानसभा में कांग्रेस की भारी जीत पर बोलते हुए कहा कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव में जिस तरह से भाजपा की केन्द्र सरकार ने अपनी पूरी ताकत झौंकी दी थी, परन्तु वहां की महान जनता ने भाजपा व प्रधानमंत्री मोदी को करारा जबाव देकर देश की जनता को नये राजनैतिक समीकरण बनने के संकेत दिये हैं। उन्होंने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री मोदी ने सभी भारतीयों को समृद्धि का सपना दिखाया था। इसके विपरीत उन्होनें पिछले 8 सालों में महंगाई, बेरोजगारी, सामाजिक तनाव और ध्वस्त होती संस्थाओं का एक भयानक अनुभव दिया है।





## कर्नाटक में जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

प्रमेंद्र नारायण, उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**बहादराबाद**। बहादराबाद क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने कर्नाटक विधान सभा में कांग्रेस को मिली बम्पर जीत पर ढ़ोल नागाड़ो के साथ आतिशबाजी कर जुलूस निकला ओर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी ख़ुशी जाहिर की 1 इस अवसर पर रामलीला ग्राउंड बहादराबाद में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें पूर्व मंत्री हरकत सिंह रावत ने कहा कि यह जीत देश के आगामी लोकसभा चुनाव में भी देखने को मिलेगी। कर्नाटक कि जनता, एवं वहां के वोटरों, कार्यक्रताओ को मेरी शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि कर्नाटक की जीत का असर पूरे देश में देखने को मिलेगा कांग्रेस में एक नए उत्साह का संचार हुआ है, भाजपा ने कर्नाटक में भगवान हनुमान का अपमान किया है। जिसे जनता ने भाजपा को चुनाव हराकर करारा जवाब दिया है इस खुशी में हिमांशु चौहान, लक्ष्य चौहान, जसवंत चौहान, दाताराम चौहान, प्रियव्रत, अनिल कुमार, आदेश धीमान, विनीत चौहान, उमेश भारद्वाज, अनिल कथूरिया, इदरीश, शहीद, शुभम चौहान, पंकज प्रजापति, अनित चौहान, यश चौहान, मुकुल चौहान, शाहनवाज, आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## मदर्स डे पर बच्चों संग झूमि माताएं, अंकुर पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम आयोजित हुआ

**हरिद्वार/ ऋषिकेश**। अंकुर पब्लिक स्कूल में मदर्स डे के मौके पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। किसी ने मां के लिए गुलदस्ता बनाया तो किसी ने मां की ममता को शब्दों में पिरोया। कोई मां की दी सीख को साझा करता दिखा तो किसी ने मम्मी को भगवान की बनाई सबसे सुंदर चीज बताया। शनिवार को शहर के विभिन्न स्कूलों में मदर्स डे मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपने-अपने तरीकों से मां के प्रति प्यार जताया। वही इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में रोचक खेलों में प्रतिभाग करके अपनी प्रतिभा के जौहर दिखाए। बता दे कि शनिवार को मदर्स डे के उपलक्ष्य में स्कूल कैंपस में आयोजित कार्यक्रम यादगार आयोजन साबित हुआ। बेहद खुशनुमा माहौल में स्कूल परिवार ने बच्चों की अभिभावक मां के संग मदर्स डे सेलीब्रेट किया। वही इस अवसर पर स्कूल के निदेशक वैभव सकलानी ने बताया कि बच्चों की शिक्षा में मां और स्कूल की सहभागिता होती है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्कूल की डायरेक्टर कविता सकलानी, नगर की प्रमुख चिकित्सक डा विनिता पुरी, हेडमिस्ट्रेस नवदीप कौर, शिक्षकों में तान्या शर्मा, अलीशा, सपना, सुनीता, ट्विंकल, स्वाति, चेस्ता, आरती, सारिका, वीना और रितिका आदि मौजूद रहे।

## कर्नाटक विस चुनाव: कांग्रेस की बड़ी जीत पर नवोदय नगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्री राम मंदिर में भगवान बजरंगबली का किया पूजन

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**नवोदय नगर (हरिद्वार)**।कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आज कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत पर श्री राम मंदिर में भगवान श्री राम एवं भगवान बजरंगबली की पूजा अर्चना की और उसके उपरांत मिष्ठान वितरण किया गया ।इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता कुंवर सिंह बिष्ट ने कहा कि भाजपा की विघटनकारी ,नफरत और भ्रष्टाचार की राजनीति को कर्नाटक की जनता ने नकार दिया है, और प्यार और भाइचारे,विकास की राजनीति को अपनाया है ।और इस प्यार- भाइचारे से ही देश चलेगा और देश का विकास भी प्यार और भाईचारे से होगा। दिनेश चंद्र पांडे ने कहा कि भाजपा की 40 % कमीशन की सरकार की विदाई हुई है ।

**दिनेश चंद्र पांडे ने कहा कि भाजपा की 40 % कमीशन की सरकार की विदाई हुई है ।**

भाजपा द्वारा भगवान बजरंगबली को चुनाव में घसीटा गया जो कि बेहद शर्मनाक है भगवान बजरंगबली का श्राप भाजपा को पड़ा है और कांग्रेस जन आशा करते हैं कि भगवान बजरंगबली इन विघटनकारी, विभाजन कारी ,नफरत की राजनीति को देश से खत्म करने का आशीर्वाद कांग्रेस को आगे भी देंगे।

इस अवसर पर अतोल सिंह गुसाईं, अभिषेक शर्मा, जय किशन न्यूली ,मनोहर रावत, विनोद गिरि ,गोपाल कृष्ण ,कुंवर सिंह बिष्ट, हेमंत राय ,जगदीश नगरकोटी ,सुभाष रावत नवीन नौटियाल, मनोज नौटियाल, उदित चौहान ललित बिष्ट राधा-कृष्ण थपलियाल, राजीव कठैत, मनोज कोटनाला, महावीर रावत, नरेंद्र चौहान जीवन सिंह नेगी आदि कांग्रेसजन मौजूद रहे।



# सीएम योगी ने की सैमसंग इनोवेशन कैम्पस की सराहना



**लखनऊ, (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवाओं के कौशल विकास में सैमसंग इनोवेशन कैम्पस के योगदान की सराहना करते हुये शुक्रवार को कहा कि यह कार्यक्रम हमारी इस भागीदारी को और मजबूत करेगा। लोकभवन में आयोजित एक कार्यक्रम में श्री योगी ने कहा " " युवाओं का कौशल विकास करना उत्तर प्रदेश सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। हम सैमसंग की इस पहल का स्वागत करते हैं, जो हमारे छात्रों को रोजगारोन्मुख भविष्य के तकनीकी कौशल प्रदान करेगी। सैमसंग कई वर्षों से उत्तर प्रदेश का मजबूत भागीदार रहा है और यह कार्यक्रम हमारी इस भागीदारी को और मजबूत करेगा।"

सैमसंग इनोवेशन कैंपस के तहत लखनऊ विश्वविद्यालय के कुल 775 छात्रों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। लखनऊ विश्वविद्यालय के 383 छात्रों ने अपने पहले बैच के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, बिग डेटा और कोडिंग एंड प्रोग्रामिंग पाठ्यक्रमों को पूरा किया है। इसके साथ ही, सैमसंग ने भारत का मजबूत भागीदार बनने, देश के युवाओं को सशक्त बनाने और कंपनी के दृष्टिकोण पावरिंग डिजीटल इंडिया को मजबूत करने के लिए सरकार के साथ मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। पहले बैच के 383 छात्रों में से 110 को एआई में, 62 को आईओटी में, 51 को बिग डेटा में और 160 को कोडिंग एंड प्रोग्रामिंग में प्रशिक्षित किया गया है। छात्रों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्णता प्रमाण पत्र सौंपे। समारोह में प्रदेश के निर्यात प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता और मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा के अलावा प्रो. आलोक कुमार राय, कुलपति, लखनऊ विश्वविद्यालय, डा. अभिलाषा गौर, सीओओ (कार्यवाहक सीईओ), ईएसएससीआई, भी उपस्थित थे। सैमसंग की ओर से जेबी पार्क, प्रेसिडेंट और सीईओ, सैमसंग साउथवेस्ट एशिया, ह्यून किम, कॉरपोरेट वाइस प्रेसिडेंट, सैमसंग साउथवेस्ट एशिया और पार्थो घोष, हेड, सीएसआर एवं संचार, सैमसंग साउथवेस्ट एशिया उपस्थित थे। जेबी पार्क ने कहा, "सैमसंग को भारत में काम करते हुए 27 साल हो गए हैं और इस समय उत्तर प्रदेश सैमसंग के लिए विनिर्माण और अनुसंधान आधारित पहल का एक प्रमुख केंद्र है। हम भारत और उत्तर प्रदेश के विकास यात्रा में एक प्रतिबद्ध भागीदार हैं।

# मंडियों में दो रोज में पहुंची दो लाख क्विंटल से अधिक सरसों

**सिरसा (वार्ता)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के तीन दिवसीय सिरसा प्रवास के दृष्टिगत सरसों फसल की खरीद के लिए राज्य सरकार की ओर से विशेष रियायत देते हुए 11 मई से दो रोज के लिए खरीद पोर्टल खोल दिया गया।

राज्य सरकार ने पिछली 31 अप्रैल को सरसों की खरीद बंद कर दी थी,जबकि उत्पादन अधिक होने के कारण काफी किसान अपनी फसल बेचने से महरूम रह गए। प्रदेश के विभिन्न किसान संगठनों द्वारा आंदोलन करने के बाद इससे पहले महेंद्रगढ़, भिवानी, रेवाड़ी, चरखी दादरी,नूंह व झज्जर के लिए ही पोर्टल खोला गया था। हरियाणा मार्केटिंग बोर्ड के चैयरमेन आदित्य चौटाला द्वारा सिरसा में भी सरसों फसल किसानों के पास पड़ी होने व औने पौने दामों में बिक्री व किसान संगठनों के आक्रोश की बात कही तो यह पोर्टल खोला गया।

दोबारा पोर्टल खोलने के बाद दो दिन में ही किसानों ने दो लाख क्विंटल से अधिक सरसों की फसल मंडी में ले आए जिससे मंडी की सड़कों पर एक बार आवागमन बाधित हो गया। निजी व सरकारी एजेंसियों ने सरसों की खरीद को तो खरीदने के लिए हाथ आगे बढाए मगर बारदाने की कमी के चलते तुलाई ना होने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शुक्रवार शाम को सिरसा मार्केटिंग कम प्रोसेसिंग सोसायटी पर जब कुछ गांठे बारदने की पहुंची तो आढ़ती टूटकर पड़े। सोसायटी के अधिकारी प्रदीप खन्ना ने बताया कि यकायक खरीद के लिए पोर्टल खुलने से यह दिक्कत आई। विभाग की ओर से तीन सौ गांठ बारदाना की मंगवाई गई है जो जल्द ही पहुंचने की उम्मीद है।

जिला विपणन पर्वतन अधिकारी (डीएमइओ) चरण सिंह गिल ने बताया कि सिरसा जिला में अब तक 9 लाख 45 हजार 304 क्विंटल सरसों की खरीद हो चुकी है जबकि पिछले वर्ष आज तक 4 लाख 36 हजार 938 क्विंटल ही सरसों की निजी एजेंसियों ने खरीद की थीं। अबकी बार हैफेड ने 6 लाख 63 हजार 262 क्विंटल जबकि निजी एजेंसियों ने 2 लाख 42 हजार 95 क्विंटल सरसों की खरीद की है। अब तक 7 लाख 79 हजार 545 क्विंटल सरसों का उठान हो पाया है। वहीं गेहूं 78 लाख 75 हजार 811 क्विंटल खरीदा गया है जबकि गत वर्ष 45 लाख 72 हजार 821 क्विंटल ही गेहूं खरीदा गया था।

# आरबीआई का 100 दिन 100 भुगतान अभियान

**मुंबई (वार्ता)** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आज बैंकों के लिए '100 दिन 100 भुगतान' अभियान की घोषणा की जो कि एक जून से शुरू होगा। आरबीआई ने शुक्रवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि '100 दिनों' के भीतर देश के हर जिले में प्रत्येक बैंक के शीर्ष '100 अदाव जमा राशियों' का पता लगाया जा सके और उसका निपटान किया जा सके। केन्द्रीय बैंक ने बैंकों के लिए '100 दिन 100 भुगतान' अभियान की घोषणा की ताकि देश के प्रत्येक जिले में 100 दिनों के भीतर प्रत्येक बैंक की शीर्ष 100 अदावी जमाराशियों का पता लगाया जा सके और उनका निपटारा किया जा सके। इस उपाय से रिज़र्व बैंक द्वारा बैंकिंग प्रणाली में दावा न की गई जमाराशियों की मात्रा को कम करने और ऐसी जमाराशियों को उनके सही मालिकों/दावेदारों को वापस करने के लिए चल रहे प्रयासों और पहलों के पूरक होने की उम्मीद है। बचत या चालू खातों में शेष जो 10 वर्षों के लिए संचालित नहीं हैं, या परिपक्वता की तारीख से 10 वर्षों के भीतर दावा नहीं किया गया है, उन्हें अदावी जमा' के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

# आरबीआई ने केनरा बैंक पर लगाया 2.92 करोड़ रुपये का जुर्माना

**मुंबई(वार्ता)** भारतीय रिजर्व बैंक ने केनरा बैंक पर कर्ज और जमा पर ब्याज दर संबंधी केंद्रीय बैंक के निर्देशों का अनुपालन न करने के मामले में 2.92 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है।आरबीआई की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि उसके नौ मई, 2023 के एक आदेश के तहत केनरा बैंक पर 'भारतीय रिजर्व बैंक (अग्रिम पर ब्याज दर) निर्देश, 2016', भारतीय रिजर्व बैंक (जमा पर ब्याज दर) निर्देश, 2016, के प्रावधानों तथा 'ग्राहक संरक्षण - अनधिकृत इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेनदेन में ग्राहकों की सीमित देयता', 'बैंकों में ग्राहक सेवा' और ' अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) के निर्देशों का अनुपालन न करने को लेकर यह कार्रवाई की गयी है।आरबीआई ने कहा कि सरकारी क्षेत्र के इस बैंक पर इस कार्रवाई को बैंक द्वारा ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता पर कोई टिप्पणी नहीं माना जाना चाहिए।




# औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर घटकर 1.1 प्रतिशत रह गयी

**नयी दिल्ली, (वार्ता)।** औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) पर आधारित देश की औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर मार्च 2023 में धीमी पड़ कर सालाना आधार पर 1.1 प्रतिशत रही। इस वर्ष फरवरी में औद्योगिक उत्पादन पिछले वर्ष फरवरी की तुलना में 5.6 प्रतिशत बढ़ा था। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों से पता चलता है कि मार्च में खनन क्षेत्र का उत्पादन साल-दर-साल 6.8 प्रतिशत बढ़ा, जबकि इस अवधि के दौरान विनिर्माण क्षेत्र के उत्पादन में सालाना आधार पर वृद्धि मात्र 0.5 प्रतिशत रही। मार्च में बिजली उत्पादन में 1.6 प्रतिशत की गिरावट आई है। नाइट फ्रैंक इंडिया के निदेशक (अनुसंधान) विवेक राठी ने कहा, "औद्योगिक वृद्धि में नरमी मुख्य रूप से विनिर्माण उत्पादन में वृद्धि में कमी के कारण है। पूंजी और बुनियादी ढांचे/निर्माण क्षेत्र के उत्पादन में हालांकि वृद्धि ऊंचे स्तर पर बनी हुई है, जो अर्थव्यवस्था में सुधार का संकेत है।"

# कंपनियों के लिए त्वरित कॉर्पोरेट निकास प्रसंस्करण केंद्र की स्थापना




**नयी दिल्ली (वार्ता)** कारपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) ने त्वरित कॉर्पोरेट निकास प्रसंस्करण केंद्र (सी-पेस) की स्थापना के साथ कंपनियों की समापन प्रक्रिया को केंद्रीकृत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की है। सी-पेस की स्थापना से रजिस्ट्री को न्यायसंगत बनाने के अलावा हितधारकों को अधिक सार्थक डेटा की उपलब्धता के साथ-साथ रजिस्ट्री पर अनावश्यक समस्या को कम करने में सहायता मिलेगी। सी-पेस से हितधारकों को समस्यामुक्त मुक्त फाइलिंग, समय पर और प्रक्रिया-बद्ध तरीके से रजिस्टर से उनकी कंपनी के नाम हटाने का भी लाभ मिलेगा। सी-पेस की स्थापना एमसीए द्वारा हाल ही में कारोबार करने में आसानी और कंपनियों के लिए कारोबार से आसानी से बाहर आने की दिशा में किए गए कई उपायों का हिस्सा है। अनुच्छेद 396 की उप-धारा (1) के अंतर्गत स्थापित सी-पेस संस्था का संचालन आवेदनों के प्रसंस्करण और निपटान के कार्यात्मक अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करने के उद्देश्यों हेतु कंपनी रजिस्ट्रार (आरओसी) के माध्यम से किया जाएगा । आईसीएलएस के श्री हरिहर साहू को सी-पेस कार्यालय के पहले रजिस्ट्रार के रूप में नियुक्त किया गया है। सी-पेस कार्यालय, नई दिल्ली स्थित कॉर्पोरेट कार्य (डीजीसीओए) के महानिदेशक की देखरेख/प्रशासन के अंतर्गत कार्य करेगा।

# दालों में उबाल, चुनिंदा तेलों में तेजी

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सूरजमखी तेल और पॉम ऑयल में तेजी रहने के साथ ही अधिकांश दाल दलहन में उबाल देखा गया। इस दौरान मीठे और अनाज मंडी में स्थिरता रही।

**तेल-तिलहन :** इस दौरान घरेलू बाजार में सूरजमुखी तेल 185 रुपये प्रति क्विंटल और पाँम ऑयल 133 रुपये प्रति क्विंटल उबल गया। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल, सोया रिफाइंड और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में तेजी देखी गयी। इस दौरान चना 50 रुपये, दाल चना 50 रुपये, अरहर दाल 100 रुपये, उड़द दाल 150 रुपये और मूंग दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल उबल गयी। मसूर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ।

# 750 रुपए की टिकट गायब, धर्मशाला में आईपीएल मैचों के टिकटों को लेकर जमकर हंगामा



**धर्मशाला।** धर्मशाला में 17 व 19 मई को होने वाले आईपीएल मैचों के टिकटों को लेकर शुक्रवार को खूब हंगामा हुआ। आक्रोशित युवाओं ने सस्ती टिकटें ऑफलाइन काउंटर में न मिलने पर एचपीसीए के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इतना ही नहीं युवा क्रिकेट प्रेमियों के जोश में माहौल इतना तनावपूर्ण हो गया कि मौके पर ही पुलिस को बुलाना पड़ा। पुलिस को बीच-बचाव करते हुए युवाओं को शांत करवाया। इसके बाद आधा दर्जन के करीब महिला व पुरुष जवानों को टिकट काउंटर पर तैनात किया गया। ऑफलाइन काउंटर से 750 रुपए वाली टिकट गायब कर दी गई, जबकि एक हज़ार वाली भी ऑनलाइन ही बिक्री की बात कही। एचपीसीए व पंजाब किंग्स की ओर से टिकटों के दामों में बढ़ोतरी की गई है। इसमें 1000, 1500, 1750 के बाद सीधे ही तीन हज़ार के दाम बता रहे हैं, जबकि इससे पहले मात्र 2250 रुपए में सबसे महंगी टिकट के दाम तय किए गए थे। इसके चलते ही युवाओं ने एचपीसीए व पंजाब प्रबंधन पर टिकटें दबाने के भी गंभीर आरोप लगाए हैं। इस दौरान युवाओं ने एचपीसीए के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

पुलिस वालों को बीच-बचाव करते हुए आना पड़ा। युवाओं का कहना है कि एचपीसीए की ओर से सस्ती टिकटों को पहले ही दबाकर रख लिया गया है और उन्हें काउंटर पर सस्ते टिकट नहीं दिए जा रहा हैं, जबकि उन्हें बताया जा रहा है कि वह ऑनलाइन बिक चुके हैं। ऐसे में आईपीएल मैचों के लिए धर्मशाला में विवाद देखने को मिल रहा है। उधर, एचपीसीए के डायरेक्टर संजय शर्मा का कहना कि मैचों को लेकर प्रबंधन की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 14 को पंजाब, 15 को दिल्ली और 16 को राज्यस्थान रॉयल्स की टीम धर्मशाला पहुंचेगी। धर्मशाला में होने वाले पंजाब व दिल्ली के मैच का लीग में अधिक महत्त्व नहीं है। बावजूद इसके धर्मशाला में रहने वाले लोगों, एचपीसीए सहित स्टेडियम से जुड़े हुए लोगों को प्रदेश भर से मैच के पास को लेकर खूब डिमांड आ रही है। लोगों को फोन, व्हाट्सऐप, फेसबुक सहित अन्य माध्यम से भी अपनी-अपनी डिमांड भेज रहे हैं। एचपीसीए की ओर से पूरी तरह से स्पष्ट किया जा रहा है कि पंजाब किंग्स मैच व टिकट बिक्री का जिम्मा देख रही है। ऐसे में पास को लेकर अधिक उत्साह सही नहीं है।

# सूर्य ने जिताया मैच, राशिद ने जीता दिल




**मुबंई (वार्ता)।** सूर्य कुमार यादव (103 नाबाद) के तूफानी नाबाद शतक के आगे राशिद खान (चार विकेट, 79 रन नाबाद) का जीवट प्रदर्शन बौना पड़ गया और मुबंई इंडियंस ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मुकाबले में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 27 रन से शानदार जीत दर्ज की।

मुबंई ने पहले बल्लेबाजी करते हुये पांच विकेट पर 218 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में गुजरात टाइटंस निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 191 रन ही बना सकी। एक समय गुजरात के आठ विकेट 103 रन पर गिर चुके थे और मुबंई की जीत बेहद आसान लग रही थी मगर गेंद से कमाल दिखा चुके राशिद का इरादा बल्ले से भी कुछ कर गुजरने का था। रोहित की सेना जब तक अफगान पठान के इरादे को भांपती, तब तक गाड़ी बहुत दूर जा चुकी थी। राशिद ने मात्र 32 गेंदो में तीन चौके और दस छक्के लगाकर मैच में रोमांच पैदा किया और मैदान पर मौजूद दर्शकों की वाहवाही लूटी।

हालांकि मुबंई के विशालकाय स्कोर को पाने में उन्हे कुछ और ओवर की जरूरत थी जिसकी इजाजत उन्हे नहीं थी। राशिद के काम को आसान करने में ओस ने बखूबी काम किया। मुबंई के गेंदबाज हर एक बाल फेंकने के बाद गेंद को पोछते दिखायी पड़े। आकाश मढवाल को तीन विकेट मिले जबकि पीयूष चावला और कुमार कार्तिकेय ने दो दो विकेट चटकाये।

## अतंरराष्ट्रीय

# इमरान को 'लाडले' की तरह सुविधा मुहैया करा रही है न्यायपालिका: सन्नाउल्लाह


**इस्लामाबाद, (वार्ता)** पाकिस्तान के गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह ने शुक्रवार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख एवं पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को न्यायपालिका का 'लाडला' बताया हालांकि उन्होंने 17 मई को श्री खान की गिरफ्तारी का भी संकेत दिया। खान की जमानत की अवधि 17 को समाप्त हो रही है।

समा टीवी से बात करते हुए श्री सनाउल्लाह ने कहा कि सरकार अदालत के फैसले का पालन करेगी। उन्होंने देश में आपातकाल लगाने पर चर्चा से इनकार कर दिया। उन्होंने न्यायपालिका पर श्री खान को ₹सुविधा₹ मुहैया कराने का आरोप लगाया और कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री का ₹स्वागत₹ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी सुविधा के लिए नए संसाधनों का आविष्कार किया जा रहा है। उन्होंने पीटीआई के कार्यकर्ताओं का जिक्र करते हुए कहा कि यह ₹सुविधा₹ न केवल ₹लाडला₹ के लिए होगी, बल्कि बाकी सभी के लिए भी होगी।



उल्लेखनीय है कि श्री खान के लिए दोहरी राहत में इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) ने अल-कादिर ट्रस्ट मामले में पूर्व प्रधानमंत्री को दो सप्ताह की सुरक्षात्मक जमानत दी और नौ मई के बाद दर्ज किए गए किसी भी नए मामले में बुधवार (17 मई) तक उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी। आईएचसी ने अल-कादिर ट्रस्ट मामले में पीटीआई के अध्यक्ष को सुरक्षात्मक जमानत दी। श्री खान ने फिर से उन्हें गिरफ्तार किए जाने पर देशव्यापी अशांति फैलने की चेतावनी दी थी। श्री सनाउल्लाह ने आईएचसी के फैसले पर टिप्पणी करते हुए जियो न्यूज से कहा कि अगर अदालत श्री खान को सुरक्षात्मक जमानत देती है, तो उन्हें कतई गिरफ्तार नहीं किया जाएगा।

# चक्रवात मोखा: बांग्लादेश ने हाई अलर्ट घोषित किया



**ढाका।** बांग्लादेश के प्राधिकारियों ने शनिवार को दक्षिण-पूर्वी समुद्र तट से लाखों लोगों को हटाने का आदेश दिया, क्योंकि देश में 'बहुत खतरनाक' उष्णकटिबंधीय चक्रवात दस्तक देने वाला है। इससे रोहिंग्या शरणार्थी शिविर को खतरा उत्पन्न होने की आशंका है। लगभग दो दशकों में बांग्लादेश में देखे गए सबसे शक्तिशाली चक्रवातों में से एक चक्रवात 'मोखा' के रविवार को बांग्लादेश-म्यांमा सीमा के पास दस्तक देने का पूर्वानुमान जताया गया है। आपदा प्रबंधन मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''हमारे दक्षिण-पूर्वी समुद्र तटों से लाखों लोगों को निकालने के निर्देश जारी किए गए हैं।'' प्रवक्ता ने यह टिप्पणी बांग्लादेश के मौसम कार्यालय द्वारा अपना नवीनतम विशेष मौसम बुलेटिन जारी करने के बाद की है, जिसमें दक्षिणपूर्वी चट्टगांव और कॉक्स बाजार के समुद्री बंदरगाहों को 'बहुत खतरनाक संकेतक नंबर आठ' की घोषणा के लिए कहा गया है। मौसम विभाग ने कहा कि ''बेहद खतरनाक चक्रवाती तूफान मोखा'' उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है, जिसके कारण 175 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) ने इससे पहले शुक्रवार को सप्ताहांत में 2-2.5 मीटर ऊंची लहर उठने की आशंका जताई थी, जिससे उत्तरी म्यांमार के निचले इलाकों के साथ-साथ बांग्लादेश के कुछ हिस्सों में बाढ़ आने के साथ ही भूस्खलन की भी आशंका है। डब्ल्यूएमओ के प्रवक्ता क्लेयर नुलिस ने जिनेवा में एक प्रेसवार्ता में कहा, ''यह एक बहुत ही खतरनाक चक्रवात है और ... यह तेज हवाओं से जुड़ा है ... चक्रवात के दस्तक देने और उसके बाद लाखों लोगों पर काफी प्रभाव होगा।'

# इजरायल हमले में गाजा अस्पताल क्षतिग्रस्त

**गाजा, (वार्ता)** इजरायल के हवाई हमले में गाजा का एक अस्पताल क्षतिग्रस्त हो गया। फिलीस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी।स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि पड़ोसी इमारत को निशाना बनाकर किए गए हमलों ने अस्पताल में इलाज करा रहे मरीजों के साथ-साथ आगंतुकों और चिकित्सा कर्मियों की जान जोखिम में डाल दी। इस चिकित्सा सुविधा में नुकसान दर्ज किया गया है। इज़राइल ने मंगलवार की रात गाजा पट्टी में फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद आतंकवादियों के खिलाफ हवाई हमले करते हुए "शील्ड एंड एरो" ऑपरेशन शुरू किया। इजरायल रक्षा बलों के अनुसार, जवाब में, फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद के उग्रवादियों ने इजरायल पर 500 से अधिक रॉकेट दागे। ताजा संघर्ष में कम से कम एक इजरायली और 30 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है। फ़िलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि 2023 की शुरुआत से फ़िलिस्तीनी क्षेत्रों में इज़राइली अभियानों के परिणामस्वरूप 139 फ़िलिस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें से 25 गाजा पट्टी में मारे गए हैं।

## छोटी खबरें



## बारामूला में आतंकवादियों की घुसपैठ नाकाम, सेना का अधिकारी घायल

**श्रीनगर (वार्ता)** जम्मू कश्मीर में बारामूला जिले के उरी सेक्टर में सेना ने शनिवार को नियंत्रण रेखा के पास आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी वहीं सेना का एक जूनियर कमीशन अधिकारी( जेसीओ ) घायल हो गया। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि उरी सेक्टर में आज तड़के सतर्क सैनिकों ने सीमा पर से घुसपैठ की कोशिश को विफल कर दिया। नियंत्रण रेखा पर सैनिकों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई। मुठभेड़ में एक जेसीओ को मामूली चोटें आयी। इसी दौरान सीमा पर से एक क्वाडकॉप्टर उड़ाने की कोशिश की, लेकिन गोलीबारी के बीच वह तेजी से पीछे हट गया। अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। सेना ने घुसपैठ के इस प्रयास को ऐसे समय में नाकाम किया है, जब जम्मू कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में इस महीने के अंत में जी-20 बैठक के मद्देनजर सुरक्षा तंत्र हाई अलर्ट पर है।

## मयाली पर्यटन स्थल पर खगोलीय घटनाओं को भी देख सकेंगे पर्यटक

**पत्थलगांव, (वार्ता)।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के मयाली पर्यटन स्थल पर अब आकाशगंगा और खगोलीय घटनाओं को भी देखा जा सकेगा।कुनकुरी विधायक एवं संसदीय सचिव यू डी मिंज ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का इस ओर ध्यानाकर्षित कराया था, जिससे यह सौगात मिली है। जशपुर जिले में पर्यटन स्थल और मयाली में एडवेंचर स्पोर्ट्स की गतिविधियों को राष्ट्रीय स्तर पर अलग पहचान दिलाने की खातिर हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने आज यूनीवार्ता को बताया कि इसी क्रम में 13 से 17 मई तक मयाली में भारत स्काउट गाइड का राज्य स्तरीय एडवेंचर कैम्प का आयोजन किया गया है। इस आयोजन में राज्य भर के 232 छात्र छात्राएं एवं ऑफिसर शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इस शिविर में दिन भर की गतिविधियों के बाद राज्य भर से आये विद्यार्थी स्टार गेजिंग के माध्यम से खगोलीय घटनाओं के बारे में जान सकेंगे। कोलकाता के एडवेंचर विशेषज्ञ पार्थ सारथी दत्ता एवं उनकी टीम तारामंडल, ग्रहों एवं उपग्रहों के विषय में जानकारी देगी। जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर यहां पहली बार स्काउट एवं गाइड का एडवेंचर शिविर आयोजित हो रहा है। पूर्व में यह सिर्फ मध्यप्रदेश के पचमढ़ी में आयोजित होता रहा है, इसलिए मयाली में आयोजित स्काउट गाइड एडवेंचर कैम्प को और आकर्षक बनाए जाने के लिए तीन टेलीस्कोप की व्यवस्था की गई है।विधायक श्री मिंज ने बताया कि आमजन, पर्यटक एवं स्कूली विद्यार्थी अंतरिक्ष में होने वाली खगोलीय घटनाओं को देख सकें, इसके लिए जिले में पहली बार व्यवस्था की जा रही है।

## इटावा लायन सफारी में एशियाटिक लायन केसरी बीमार

**इटावा, (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश के इटावा में स्थित लायन सफारी में एशियाटिक शेर केसरी के गंभीर रूप से बीमार होने से सफारी प्रबंधन बेचैन हो गया है। सफारी में शेर का इलाज मथुरा और कानपुर से आयी पशु चिकित्सकों की टीम कर रही है।

पार्क के उप निदेशक जय प्रकाश सिंह ने बताया कि केसरी शेर की पीठ पर बड़ा घाव का निशान नजर आने से सफारी के अधिकारी चिंतित बने हुए है। शेर के बीमार होने के बाद सफारी प्रबंधन ने मथुरा और कानपुर से डॉक्टरों की टीम को बुलाया गया।

# खट्टर ने कालांवाली को दी साढ़े 47 करोड़ से अधिक की सौगात




**सिरसा (वार्ता)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कालांवाली विधानसभा क्षेत्र से संबंधित 47 करोड़ 61 लाख 23 हजार रुपये से अधिक की सात विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया।

इनमें 32 लाख 58 हजार रुपये की एक परियोजना का उद्घाटन व 47 करोड़ 28 लाख 65 हजार रुपये की छह परियोजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने बीडीपीओ कार्यालय बड़ागुढा में गांव झोरड़रोही में 32 लाख 58 हजार रुपये की लागत से नवनिर्मित सरकारी पशु चिकित्सालय का लोकार्पण किया। इसके अलावा 12 करोड़ 93 लाख रुपये की लागत से खंड बड़ागुढ़ा में बनाए जाने वाले 11 वाटर कोर्स के रिमॉडलिंग व पुनर्वास कार्य, 2 करोड़ 7 लाख 64 हजार रुपये की लागत से गांव बप्प के राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बनने वाले आठ अतिरिक्त कमरे, लैब, शौचालय व कॉन्फ्रेंस हॉल तथा एक करोड़ 17 लाख 79 हजार रुपये की लागत से गांव बरुवाली प्रथम व मानखेड़ा पंजाब सीमा तक बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया।साथ उन्होंने कालांवाली के अंबेडकर भवन में 4 करोड़ 59 लाख 92 लाख रुपये की लागत से बीएमबी आरडी 322625 पर पुनः बनने वाले सिंगल स्पेन स्टील ब्रिज के कार्य, एक करोड़ 50 लाख 30 हजार रुपये की लागत से गांव देसू मलकाना से ग्याना पंजाब तक बनने वाली लिंक रोड़ के कार्य व 25 करोड़ रुपये की लागत से लोक निर्माण विभाग के विभिन्न 28 विशेष मरम्मत के कार्य का शिलान्यास किया।

## आज देहरादून में बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का होगा आयोजन

**देहरादून।** 13 मई को मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान ने अवगत कराया है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देहरादून द्वारा 14 मई 2023 (रविवार) को प्रातः 10:30 बजे स्थान एकलव्य मॉडल, रेजीडेंशियल स्कूल, कालसी, देहरादून में बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर में विभागों को अपने अपने स्टॉल के माध्यम से विभाग में संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं से पात्रों को लाभान्वित करने की अपेक्षा की गई है। उक्त शिविर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी देहरादून की टीम द्वारा कोविड वैक्सीनेशन चिकित्सीय परीक्षण, निशुल्क स्वास्थय जांच एवं दवाईयों के वितरण आदि के लिए स्टॉल लगाये जाने के निर्देश है, साथ ही अन्य अधिकारिगणो द्वारा भी अपने विभागीय स्टॉल लगा कर विभागीय योजनाओ की जानकारी जन-सामान्य को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश हैं तथा संबंधित प्रमाण पत्र आदि बनाये जाने है। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि एकलव्य मॉडल, रेजीडेंशियल स्कूल, कालसी, देहरादून में अपने विभागीय स्टॉल लगाकर कर अपने संबंधित स्टॉफ के साथ उक्त बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता एंव जागरूकता शिविर में प्रतिभाग करेंगे।

## दक्ष युवा बनायेंगे नया उत्तर प्रदेश : योगी

**लखनऊ, (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश को युवा शक्ति से भरपूर राज्य बताते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि युवा शक्ति के टैलेंट को टेक्नोलॉजी एंड ट्रेनिंग के साथ जोड़ करके सरकार उसे विकास के साथ आगे बढ़ा रही है। लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह पर आयोजित सैमसंग इनोवेशन कैंपस के तहत लविवि के विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण के दौरान श्री योगी ने कहा कि देश में सबसे बड़ी युवा शक्ति उत्तर प्रदेश में है। ऐसे में युवा शक्ति के टैलेंट को टेक्नोलॉजी एंड ट्रेनिंग के साथ जोड़ करके हम उसे डेवलपमेंट के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। आज इसी की आवश्यकता है। इसी कड़ी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, बिग डाटा तथा कोडिंग एंड प्रोग्रामिंग फ्यूचरिस्टिक स्किलिंग के कार्यक्रम हैं इसलिए प्रदेश की युवा शक्ति को इससे जोड़ना और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होने कहा कि प्रदेश में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में 35 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव आये हैं, जिसे जमीनी धरातल पर उतरने के लिए युद्धस्तर पर काम हो रहा है, जो प्रदेश के एक करोड़ से अधिक युवाओं को नौकरी और रोजगार की संभावनाओं के प्रति आश्वस्त करता है। इसमें सैमसंग इनोवेशन कैंपस कार्यक्रम बहुत बड़ी भूमिका का निर्वहन कर सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के स्केल को स्किल में बदलने के लिए बड़ा अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत टाटा टेक्नोलॉजी के साथ मिलकर प्रदेश में 150 से अधिक आईटीआई का पुनरुद्धार करने के लिए एमओयू साइन किया गया है, जो वहां के इंफ्रास्ट्रक्चर, लेबोरेटरी की स्थापना, फ्यूचरिस्टिक प्रोग्राम के साथ न्यूज़ कोर्स को शुरू किया जाएगा। इसमें 35 हजार युवा प्रतिवर्ष ट्रेनिंग लेंगे और वह देश के विकास में अपना योगदान देने के साथ नए युवाओं को भी सिखाने का काम करेंगे।

## झांसी में खेला इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के तहत निकाली गयी मशाल रैली

**झांसी (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश के झांसी में जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने सुबह छह बजे ही रानी लक्ष्मीबाई दुर्ग के द्वार से ही खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स-2023 मशाल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया एवं स्वयं भी रैली में प्रतिभाग कर खेलों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि प्रदेश में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 25 मई से शुरू हो रहे हैं और 05 मई को लखनऊ में गेम्स के लोगो, मैस्कॉट व एंथम की लांचिंग हुई तथा तीन जून को वाराणसी में गेम्स का समापन होगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी जनपदों में गेम्स के अंतर्गत मशाल रैली निकाली जा रही है, इसके अंतर्गत आज जनपद झांसी में रैली का शुभारंभ हुआ। यह रैली लखनऊ से चारों दिशाओं में निकाली गई, जो सभी जनपदों से गुजरेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि मशाल रैली शाम को जनपद ललितपुर के लिए रवाना होगी। उन्होंने कहा कि जनपद में एक मूवमेंट बिल्ड करना है, ताकि शहर को पता चलना चाहिये कि प्रदेश में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाये। मशाल रैली में जनपद के राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को भी आमंत्रित किया गया। जिलाधिकारी के अलावा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश एस, मुख्य विकास अधिकारी जुनैद अहमद, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी सुरेश बोनकर द्वारा भी रैली में प्रतिभाग किया गया और उन्होंने स्वयं भी मशाल को लेकर कुछ दूर तक दौड़ लगायी। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम व पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रभक्ति गीत की धुन बजाने का आयोजन भी किया गया। उन्होंने कहा कि यह गर्व का विषय है कि राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगितायें प्रदेश के 04 शहरों- लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर, वाराणसी, गोरखपुर में हो रही है। इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिये देश भर से 4705 एथलीट्स, 941 सपोर्ट स्टाफ, 1500 वॉलिंटियर कुल मिलाकर 7-8 हजार लोग प्रदेश में आयेंगे। इन गेम्स के दौरान 4 जिलों को विशेष जिम्मेदारी दी गई है।

# एएसआई करे काशी विश्वेवरनाथ स्वयं भू शिवलिंग की कार्बन डेटिंग जांच: उच्च न्यायालय

प्रयागराज (वार्ता)। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने वाराणसी स्थित ज्ञानवापी-विश्वनाथ मंदिर परिसर में सर्वे के दौरान मिले शिवलिंग की कार्बन डेटिंग जांच एवं साइंटिफिक सर्वे की मांग में दाखिल याचिका शुक्रवार को स्वीकार करते हुए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को आदेश दिया कि बिना क्षति पहुंचाए शिवलिंग की कार्बन डेटिंग जांच करे।



यह आदेश न्यायमूर्ति अविंद कुमार मिश्र ने लक्ष्मी देवी एवं अन्य की याचिका पर दिया है। वाराणसी की अधीनस्थ अदालत ने उच्चतम न्यायालय की यथास्थिति कायम रखने के आदेश के चलते कार्बन डेटिंग जांच कराने से इंकार कर दिया था जिसे उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी। न्यायालय ने वाराणसी की अदालत के आदेश को रद्द कर दिया है। उच्च न्यायालय ने एएसआई के वकीलों से कहा है कि वाराणसी जिला अदालत के समक्ष 22 मई को पेश हों। इसके बाद वह इस मामले में आगे आदेश देगा कि कैसे साइंटिफिक सर्वे होना है। विष्णु शंकर जैन ने बताया कि अब शिवलिंग का सर्वे होना है यह तय हो चुका है। पहले इस पर संशय था। अब वाराणसी जिला अदालत तय करेगी कि किस तरह से शिवलिंग का साइंटिफिक सर्वे कराया जाना है। याचिका पर राज्य सरकार की तरफ से अपर महाधिवक्ता एम सी चतुर्वेदी ने पक्ष रखा। याचिका पर अधिवक्ता हरिशंकर जैन और विष्णु शंकर जैन, ज्ञानवापी मस्जिद की तरफ से एस एफ ए नकवी ने पक्ष रखा। न्यायालय ने भारत सरकार के अधिवक्ता मनोज कुमार सिंह से पूछा था कि क्या शिवलिंग को नुक़सान पहुंचाए बगैर कार्बन डेटिंग से जांच की जा सकती है। क्योंकि इस जांच से शिवलिंग की आयु का पता चलेगा।

# यह एक फ़िल्म नहीं बल्कि सत्य कथाओं पर आधारित आतंकवाद की वास्तविकता है: ऋतु खंडूरी भूषण



उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**कोटद्वार**। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण ने कोटद्वार के तड़ियाल चौक स्थित के प्राइड मॉल में अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ ₹ द केरला स्टोरी₹ फिल्म देखी । उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण ने कहा की इस फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे बिना गोली व बम के देश में आतंकवाद फैलाया जा रहा है! किस तरह से बालिकाओं का ब्रेनवॉश कर धर्म परिवर्तन किया जा रहा है. यह फिल्म धर्मांतरण और आतंकवाद के विरूद्ध लोगों में जागरूकता पैदा कर रही है।

उन्होंने कहा की यह फ़िल्म नहीं बल्कि सत्य कथाओं पर आधारित आतंकवाद की वास्तविकता है । जोकि लव जिहाद, धर्मान्तरण और आतंकवाद के षड़यंत्र को उजागर करती है, उसके घिनोने चेहरे को सामने लाती है, क्षणिक भावुकता में जो बेटियां लव जिहाद के जाल में उलझ जाती है और अपना जीवन बर्बाद कर लेती है । कुछ राष्ट्रविरोधी राजनीतिक दलों का संरक्षण भी ऐसे साजिशकर्ताओं को बल प्रदान कर रहा है। ये फिल्म हमें जागरूक करती है की कैसे हमें इन सब से कैसे लड़ना और सतर्क रहना है। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र रावत, मंडल अध्यक्ष पंकज भाटिया, मंडल अध्यक्ष हरिसिंह पुंडीर, मंडल अध्यक्ष मनोज पांथरी, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष नीरू बाला खनतवाल, रामेश्वरी देवी, नीना बैंजवाल, कमल नेगी, सुरेंद्र आर्य आदि मौजूद रहे।

# व्यापारी आयोग का गठन करें सरकार : सुमित अरोड़ा

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार**। उत्तराखंड क्रांति दल व्यापार प्रकोष्ठ केंद्रीय अध्यक्ष सुमित अरोड़ा ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए केंद्रीय उपाध्यक्ष जयंती प्रसाद अमोली, केंद्रीय महासचिव दिनेश पाण्डेय, केंद्रीय संगठन मंत्री राजू शर्मा, सौरभ अरोड़ा केंद्रीय सचिव शिवम अग्रवाल, नाथू राम वर्मा, केंद्रीय प्रचार सचिव भारत सिंह रावत, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य नितिन वाधवन, रामकिशोर अग्रवाल, संजीव सिंह,



प्रदीप शर्मा, ऋषिकेश महानगर अध्यक्ष सौरभ सेमवाल, देहरादून महानगर अध्यक्ष जितेंदर विज, हरिद्वार महानगर अध्यक्ष सागर कुमार टिहरी लम्बगाँव अध्यक्ष नरेंदर रागढ़ , रुद्रपुर महानगर अध्यक्ष संजीव कुमार को मनोनीत किया। केंद्रीय अध्यक्ष सुमित अरोड़ा ने कहा की उक्रांद हरिद्वार विधानसभा चुनाव से अपने घोषणा पत्र में व्यापारी आयोग का गठन करने की आवाज उठता आया है, वर्त्तमान में माध्यम वर्ग व्यापारी की पीड़ा सुने वाला कोई नहीं है, जबकि व्यापारी इस देश की अर्थव्यवस्था को सींचता आया है, विकास के नाम पर पुरे प्रदेश में व्यापारी को उजाड़ने का कार्य सभी सरकारों द्वारा किया जाता है।




# शोषित वर्ग के मसीहा वरिष्ठ पत्रकार तनुज वालिया की स्मृति में लगाया जाएगा रक्तदान शिविर

जोगेंद्र मावी, उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार**। प्रेस क्लब के सदस्य एवं वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय तनुज वालिया की स्मृति में उत्तराखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन हरिद्वार एवं ब्लड वालंटियर्स हरिद्वार द्वारा संयुक्त रूप से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 14 मई दिन रविवार को प्रेस क्लब सभागार में आयोजित इस शिविर के माध्यम से एकत्र रक्त यूनिट को ब्लड बैंक हरिद्वार को सौंपा जाएगा।

यूनियन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार संजय आर्य एवं ब्लड वालंटियर के प्रमुख अनिल अरोड़ा ने बताया कि शिविर को लेकर सभी तैयारियां की जा रही है, शिविर में शिविर के माध्यम से 100 यूनिट से अधिक ब्लड एकत्रित करने का लक्ष्य रखा है। संजय आर्य ने बताया कि स्वर्गीय तनुज वालिया निडर एवं पक्ष रहित पत्रकार थे, जिन्होंने हमेशा शोषित जन की आवाज को आगे बढ़ाने का काम किया। उन्होंने बताया कि स्वर्गीय श्री वालिया हमारी यूनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष थे। इस संबंध में शुक्रवार को प्रेस क्लब में शिविर आयोजित किए जाने को लेकर यूनियन के संयोजक मंडल की बैठक हुई। बैठक में प्रेस क्लब अध्यक्ष राम चन्द्र कन्नौजिया ने कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज में सकारात्मक संदेश जाएगा, उन्होंने स्वर्गीय वालिया जी के योगदान को भी सराहा।

उत्तराखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के महामंत्री ने अमित गुप्ता ने सभी पदाधिकारियों, सदस्यों से अपील की है कि वे बढ़ चढ़ कर शिविर में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाएं। बैठक में क्लब के महामंत्री मनोज सिंह रावत, शिविर संयोजक एवं यूनियन के संगठन महामंत्री राजकुमार, सूर्यकांत बेलवाल, श्रवण कुमार झा , वरिष्ठ पत्रकार अविक्षित रमन आदि मौजूद रहे।

# गढ़वाल मंडल अध्यक्ष बने पीयूष चौहान, जिला कार्यकारिणी का हुआ गठन

गौरव कुमार, (उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो)

हरिद्वार। भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण संघ की बैठक भगवानपुर संघ कार्यालय हरिद्वार में आयोजित की गई। इस अवसर पर पूर्व गढवाल मण्डल को जिले की कार्यकारिणी में सम्मिलित करते हुए गढ़वाल मण्डल अध्यक्ष के पद पर हरिद्वार निवासी पीयूष चौहान को नियुक्त किया गया। सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों माल्यार्पण कर पियूष चौहान का स्वागत किया। इस मौके पर प्रान्तीय मीडिया प्रभारी राजकमल ने कहा कि संघ की जिले की कार्यकारिणी अभी निष्क्रिय है। प्रान्तीय अध्यक्ष नवीन चन्द्र कुरील ने कहा कि जिला अध्यक्ष का पद उनकी निष्क्रियता से स्वयं समाप्त हो गया है। उन्होंने जिले की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा सर्वसम्मति से करते हुए रीता देवी को जिला मंत्री, अंकित कुमार जिला महामंत्री , सुनील सैनी को मंत्री, विक्रम को मीडिया प्रभारी, ममता को प्रचार मंत्री, आरती को सदस्य मनोनीत किया गया। अन्य रिक्त पदों की एक सप्ताह के अंदर पूर्ति की गढ़वाल मण्डल अध्यक्ष पियूष चौहान को जिम्मेदारी दी गयी।



## आज का राशिफल

**मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
आज का दिन आपके लिए आनंददायक रहेगा। आज प्रत्येक क्षेत्र में विरोधी परास्त होंगे। सामाजिक मान-सम्मान बढेगा। व्यापार विस्तार अथवा नए कार्य का आरंभ समय अनुकूल रहने पर भी आज ना करें। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी।

**वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)**
आज का दिन आपके लिए आनंददायक रहेगा। आज दिन भर शारीरिक रुप से चुस्त बने रहेंगे। कार्य क्षेत्र पर आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी सामाजिक मान-सम्मान मिलेगा।

**मिथुन : (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)**
आपका आज के दिन का अधिकांश समय आराम से व्यतीत होगा। सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में योगदान देने से यश एवं सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**
आपका आज का दिन सामान्य रहेगा फिर भी सेहत की अनदेखी न करें। पेट सम्बंधित समस्या बड़ा रूप ना ले इसका ध्यान रखे। कार्य क्षेत्र पर अधिकांश समय उबन में बीतेगा।

**सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)**
आपका आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। व्यवसाय नौकरी में मनचाही उन्नति मिलने से दिन भर प्रसन्न रहेंगे। आज आपके विचारो से सभी प्रभावित रहेंगे। दलाली के व्यवसाय में निवेश से विशेष लाभ की सम्भवना है।

**कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
आज के दिन आप ज्यादा मेहनत करने के मूड में नहीं रहेंगे परन्तु पुराने कार्यो अथवा कार्य क्षेत्र पर व्यवस्था बनाने में काफी परिश्रम करना पड़ेगा। मन में यात्रा के विचार दुविधा में डालेंगे।

**तुला : (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, ते)**
आपका आज का दिन सामान्यतः शुभ ही रहेगा। सेहत छोटी मोटी तकलीफों को छोड़ अनुकूल बनी रहेगी। अधिकारियो के आपके प्रति विश्वास एवं लक्ष्य के प्रति दृढ इच्छाशक्ति से कार्य करने पर मनचाही सफलता मिल सकती है।

**वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)**
आपका आज का दिन मिलाजुला फलदायी रहेगा। आलस्य एवं शिथिलता के कारण कार्य के प्रति उत्साह नहीं रहेगा। किसी अरिष्ट की चिंता सताएगी।

**धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**
आज का दिन आपके अनुकूल बीतेगा। प्रातः काल से ही हर परिस्थिति पर आपकी पकड़ रहेगी। बड़ो के मार्गदर्शन से व्यवसाय एवं पैतृक सम्बंधित लगभग सभी समस्याओं का समाधान होने से आय के नविन स्त्रोत्र बनेंगे।

**मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)**
आज के दिन आपको प्रारब्ध अनुसार जितना मिले उसी में संतोष कर लेंगे। परन्तु फिर भी अंदरुनी तौर पर मन में कुछ ना कुछ कमी बनी रहेगी। कुंवारे जातको को योग्य जीवन साथी मिलने की सम्भवना रहेगी। परिजनों के साथ खरीददारी करेंगे।

**कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)**
आपका आज का दिन शुभ रहेगा। आज कार्य क्षेत्र पर अनुकूल वातावरण मिलने से उत्साह में वृद्धि होगी। सहकर्मियों एवं अधिकारियो का अपेक्षित व्यवहार मिलने से आशानुकूल लाभ अर्जित करेंगे।

**मीन : (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)**
आज के दिन क्रोध अथवा अहम् की भावना बने बनाये कार्यो पर पानी फेर सकती है इसलिए ख़ास कर व्यावसायिक एव सामाजिक क्षेत्र पर विवेक पूर्ण व्यवहार रखे। कार्यो में प्रारंभिक विलम्ब या असफलता से घबराए नहीं प्रयास जारी रखें सफलता अवश्य मिलेगी। आज स्त्री पक्ष का सहयोग करें।

## उत्तराखंड प्रहरी आज के विचार

**अगर आप जिंदगी में कुछ हासिल करना, चाहते हो तो मेहनत से दोस्ती कर लो !**

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक/संपादक- विकास गर्ग ने भगवती प्रिंटिंग प्रेस, इंडस्ट्रियल एरिया, हरिद्वार उत्तराखंड से मुद्रित करवाकर 54 आवास विकास, विवेक विहार, रानीपुर मोड़, हरिद्वार उत्तराखंड से प्रकाशित किया।
प्रकाशक / संपादक : विकास गर्ग- फोन : 9897766448, : मुख्य संपादक / सुमित तिवारी- फोन : 8077771906 : Email : uttarakhandprahari19@Gmail.com